## न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट पुरवा उन्नाव

UPUN120001711999

**उपस्थित– हिमानी गौतम – (उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा)**
**फौजदारी वाद सं0–130/1999**
**ठाकुरदीन आदि बनाम गोकरन आदि**

पत्रावली पेश हुई। उभयपक्ष उपस्थित। पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि उभयपक्षों के मध्य जनपद उन्नाव न्यायालय मध्यस्थता और सुलह केन्द्र में सुलह समझौता हो चुका है।

जनपद उन्नाव न्यायालय मध्यस्थता और सुलह केन्द्र की आख्या कागज सं0–63क दिनांकित 13.05.2026 पत्रावली पर संलग्न है। जिसमें पक्षों के मध्य यह करार हुआ है कि वादीगण हरीशंकर आदि छप्पर हटाकर जो सदरी दरवाजे पर है, सहन के 9 इंच कम करके 3 लोहे के पोल लगाकर छप्पर की जगह टीनसेट स्थापित करेंगे एवं वादीगण दक्षिणी तरफ पर्दी हटा लेंगे। सहन के सदरी दरवाजे पर रखी टीन का जमीन पर वादीगण का पूर्ण स्वामित्व रहेगा दक्षिण तरफ हटी पर्दी को वादीगण पुनः निर्माण नहीं करेंगे एवं विपक्षीगण वादीगण की सहन की जमीन से अपना पानी नहीं निकालेंगे एवं भविष्य में विपक्षीगण एवं वादीगण कोई हस्ताक्षेप नहीं करेंगे। पत्रावली पर दर्शित महिलओं के बाबत कोई विवाद शेष नहीं है, क्यों कि वह पारिवारिक हैं।

उक्त सुलहनामा में उल्लेखित शर्तों के आधार पर पत्रावली निस्तारित की जाती है। मध्यस्थना केन्द्र उन्नाव के सुलहनामा कागज सं0–63क दिनांकित 13.05.2026 इस निर्णय का अंश होगा।

**दिनांकः–22.05.2026**

**(हिमानी गौतम)**
**सिविल जज (जू0डि0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट,**
**पुरवा,उन्नाव।**
**आई.डी.–UP4850**